में तारांकित प्रश्न सं० 203 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सार्वजनिक निवेश परिषद ने कोयल कारो योजना को मंजूरी दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना पर कितनी राशि व्यय होगी और इस पर कार्य कब से प्रारंभ हो जायेगा ; और

(ग) क्या उसके लिए जमीन की अधिप्राप्ति संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) जी, हां ।

(ख) मार्च, 1991 के मूल्य स्तर पर परियोजना की लागत 1338.80 करोड़ रु० (निर्माण के दौरान ब्याज समेत) होने का अनुमान लगाया गया है । सरकार द्वारा निवेश संबंधी अनुमोदन दिए जाने के पश्चात् इस परियोजना पर शीघ्र ही कार्य आरम्भ किए जाने की आशा है ।

(ग) परियोजना के निर्माण के लिए अपेक्षित भूमि, परियोजना निर्माण की आवश्यकता पर निर्भर करते हुए सोपानबद्ध रूप से अधिगृहित की जाएगी । निर्माण के प्रथम सोपान हेतु 540 हैक्टेयर अपेक्षित भूमि का अधिग्रहण किए जाने के लिए राष्ट्रीय जल विद्युत निगम द्वारा भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अन्तर्गत अपेक्षित अधिसूचना संबंधी सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं ।

एअर इंडिया की सेवाओं में सुधार लाने की योजना

915. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार एअर इंडिया की सेवाओं में सुधार लाने और इन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए कोई 20 वर्षीय योजना बना रही है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौर क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) अपने विमान बेड़े को चुस्त और आधुनिक बनाने और इसमें वृद्धि और विस्तार करने की दृष्टि से, एअर इंडिया की आगामी 20 वर्षों के लिए अपने विमान बेड़े की एक भावी योजना बनाने को कहा गया है ।

कच्चे तेल का उत्पादन

916. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन** :
श्री राम जेठमलानी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 27 जुलाई, 1991 के "द स्टेट्समैन" में "क्रूड आयल आउटपुट में डिकलाइन" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि तेल-खुदाई के कार्य में लगी कई भारतीय कम्पनियों को भारतीय समय के हाल में किए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने कच्चे तेल के उत्पादन से संबंधित कार्य को स्थगित कर देने की अपनी मंशा जाहिर की है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि विदेशी मुद्रा के संबंध में जो सुविधाएं विदेशी कंपनियों को उपलब्ध हैं वैसी ही सुविधाएं भारतीय कम्पनियों को उपलब्ध कराने का कोई प्रावधान नहीं है ; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रकार की दोहरी नीति अपनाने के क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री वी. शंकरानन्द) : (क) जी, हां ।